'स्टील की बढ़ती डिमांड से बढ़ेगा रोजगार'

■ एनबीटी, लखनऊ: यूपी में निर्माण कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कामधेनू के निदेशक सुनील अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की तारीफ की है।

एक निजी होटल में रविवार को हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती मांग को देखते हुए कामधेनू अगले साल तक अपनी उत्पादन क्षमता 1.5 लाख मीट्रिक टन सालाना करने को है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई सरकार आने के बाद से कई विकास परियोजनाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। इन तमाम प्रयासों से स्टील उद्योग को मौजूदा राज्य सरकार से काफी उम्मीदें हैं। स्टील की डिमांड बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही निजी क्षेत्र की आवासीय कम्पनियों का भी फायदा होगा।